सफलता की कहानी

सहकारी मुद्रणालय

1960 से स्थापित सहकारी मुद्रणालय ने सहकारी क्षेत्र में शीर्ष संस्था के रुप में काम करते हुए राज्य में विशिष्ठ पहचान बनाई है। सहकारी मुद्रणालय की कार्यप्रणाली, गुणवत्तापूर्ण प्रकाशन के कारण राज्य सरकार द्वारा राजकीय मुद्रणालय के समकक्ष मान्यता प्रदान की हुई है। सहकारिता विभाग व संस्थाओं के साथ ही राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के गोपनीय व महत्वपूर्ण दस्तावेजों का मुद्रण कार्य सहकारी मुद्रणालय द्वारा सफलतापूर्वक किया जा रहा है। सहकारी मुद्रणालय में आधुनिकतम ऑफसेट मशीनों से बहुरंगी प्रकाशन की सुविधा भी उपलब्ध है। सहकारी मुद्रणालय के प्रशासक रजिस्ट्रार **श्री अनुराग भारद्वाज** के मार्गदर्शन में सहकारी मुद्रणालय निरंतर प्रगति की ओर है। मुद्रणालय में वर्तमान में **श्री मदन लाल गुर्जर** प्रबंध संचालक है।

सहकारी मुद्रणालय द्वारा सहकारी संस्थाओं, राज्य सरकार के विभागों का मुद्रण कार्य राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत दरों पर किया जाता है। मुद्रणालय ने सहकारी संस्थाओं/सरकारी विभागों का गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्य सरकार द्वारा मुद्रणालय के मुद्रण कार्यों की दरों का निर्धारण किया हुआ है। इसलिए मुद्रणालय से कार्य कराने पर निविदाओं से मुक्त रखा गया है साथ ही सदस्य सहकारी संस्थाओं को मुद्रण कार्य पर 5 प्रतिशत की रिबेट का लाभ भी मुद्रणालय द्वारा प्रदान किया जाता है। सहकारी मुद्रणालय में एच एमटी की दो टू कलर ऑफसेट प्रिन्टिंग मशीन सहित कुल सात आफ्सेट प्रिन्टिंग मशीनें, आठ कम्प्यूटर सिस्टम, कैमरा, प्लेट मेकिंग, सीटी पोलीजेट सिस्टम सहित आधुनिक उपकरण स्थापित है।

राज्य सरकार ने मुद्रणालय के कार्य की विशिष्टताओं को देखते हुए इस मुद्रणालय को राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय के समकक्ष दर्जा प्रदान कर राज्य के सभी विभागों को इस मुद्रणालय से मुद्रणकार्य करवाने के लिये अधिकृत कर निविदाओं से मुक्त किया है तथा मुद्रण दरें सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अन्तर्गत स्वीकृत है। परिणामत: यह मुद्रणालय उत्तरोतर प्रगति की ओर अग्रसर है।

विगत पांच वर्ष का कारोबार

वर्ष	व्यवसाय	सकल लाभ	शुद्ध लाभ	संचित लाभ
2009-2010	1001.70 लाख	122.44 लाख	39.54 लाख	4.21 करोड
2010-2011	1005.62 लाख	109.70 लाख	19.88 लाख	4.57 करोड
2011-2012	1164.97 लाख	180.51 लाख	47.79 लाख	5.05 करोड
2012-2013	1193.65 लाख	228.86 लाख	62.69 लाख	5.72 करोड
2013-2014	1190.43 लाख	140.44 लाख	34.70 लाख	6.07 करोड

सहकारी संस्थाओं द्वारा मुद्रणालय में विनियोजित हिस्सा राशि 4.06 लाख रू. है। मुद्रणालय में समग्र सहकारी विकास परियोजना, जयपुर की हिस्सा राशि 23.70 लाख विनियोजित है। सहकारी मुद्रणालय के उपनियमानुसार अब सदस्य संस्था द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में मुद्रणालय से करवाये जाने वाले मुद्रण कार्य की न्यूनतम सीमा के अनुसार मुद्रण कार्य कराया जाना जरुरी कर दिया है। इसके अनुसार शीर्ष सहकारी सोसायटी न्यूनतम 15 हजार रु., केन्द्रीय सहकारी संस्था 10हजार रु., प्राथमिक स्तर की सहकारी संस्था द्वारा साल में 3 हजार रु. का मुद्रण कार्य करवाया जाना आवश्यक है।

सहकारी मुद्रणालय द्वारा 2014-15 में व्यावसायिक लक्ष्य 14 करोड़ 51लाख रु. के विरूद्ध अक्टूबर, 2014 तक 3 करोड़ 31 लाख रु. का व्यवसाय किया है। राज्य सरकार द्वारा गत पांच वर्षो से मुद्रणालय की मुद्रण दरो में लगभग 40 प्रतिशत कम किए जाने के बावजूद लाभदायकता को बनाए रखा गया है।

आगामी पांच वर्षो की कार्ययोजना

क्र.	वर्ष	निर्धारित लक्ष्य
1.	2014-15	1451.00 लाख
2.	2015-16	1523.55 लाख
3.	2016-17	1599.73 लाख
4.	2017-18	1679.71 लाख
5.	2018-19	1763.70 लाख

भावी कार्ययोजना

वर्ष 2014-15 में मुद्रणालय में नई प्रिन्टिंग मशीने एवं अन्य उपकरण क्रय करने एवं मुद्रणालय के अप ग्रेडशन हेतु राज्य सरकार से वित्तीय वर्ष 2014-15 के बजट में से मुद्रणालय को एक करोड़ रु. का हिस्सा अंशदान विनियोजित किये जाने बाबत प्रस्ताव सहकारी विभाग को भिजवाया है। मुद्रणालय की उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने हेतु मुद्रणालय परिसर में निर्माण करवाया जाना है जिसमे मशीनरी व स्टोर को अधिक सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जा सके। मुद्रणालय के झालाना स्थित भूखण्ड में बंधन कार्य एवं कागज स्टोर हेतु निर्माण करवाया जाना प्रस्तावित है। मुद्रण क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी परिवर्धन के अनुरूप नई प्रकार की मशीनरी व सहायक उपकरण स्थापित किया जाना है। मुद्रणालय को आगामी पांच वर्षो में देश के प्रतिष्ठित मुद्रणालयों की कतार में शामिल करने के लिये मुद्रणालय को वातानुकूलित परिसर बनाने, मुद्रणालय का समस्त कार्य पूर्ण रूपेण कम्प्यूटरीकृत किए जाने, कार्मिक नियोजित करने और निजी क्षेत्र का मुद्रण कार्य भी शुरु करने की योजना है। इसके लिए नई उत्पादन एवं विपणन नीति बनाई जाएगी। सहकारी मुद्रणालय की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया जा चुका है और सदस्यों को लाभांश भी वितरित किया जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण मुद्रण कार्य और समयबद्धता को ध्यान में रखते हुए सहकारी मुद्रणालय को उत्तरोत्तर प्रगति की और ले जाने के समग्र प्रयास जारी है।